हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026

06 26 को किया जाएगा पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मी...



07 15 करोड़ की डकैती के बाद राजगढ़ में सभी बैंकर्स ...





**खबर संक्षेप**

## मारपीट में पिता की गई जान, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**सीहोर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में 17 अप्रैल की रात घरेलू विवाद के दौरान बेटे ने अपने ही पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार आरोपी सोनू शाक्य (29) ने अपने पिता सुभाष शाक्य के साथ विवाद के दौरान मारपीट की। उसने पिता को जमीन पर पटककर उनकी छाती पर लात-घूंसे मारे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायल सुभाष शाक्य को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कृष्णाबाई की रिपोर्ट पर कोतवाली थाना पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी दीपक कुमार शुक्ला और सीएसपी अभिनंदना शर्मा के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू शाक्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई।

### शहर के गांधी रोड, सर्राफा बाजार सहित मेन रोड पर जमकर दिखी ग्राहकों की भीड़

# अक्षय तृतीया पर शहर के बाजारों में छाई रौनक, अबूझ मुहूर्त में गूंजेंगी शहनाइयां

### इस अबूझ मुहूर्त के चलते शहर के बाजारों में रविवार को छुट्टी के दिन भी पैर रखने की जगह नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्षय तृतीया को लेकर इस बार सीहोर जिले में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सोमवार को भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया का पावन पर्व एक साथ होने से जिले में धार्मिक और मांगलिक गतिविधियों की धूम रहेगी। इस अबूझ मुहूर्त के चलते शहर के बाजारों में रविवार को छुट्टी के दिन भी पैर रखने की जगह नहीं मिली। लोग सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर विवाह की सामग्री खरीदने में व्यस्त नजर आए।

बता दें आमतौर पर रविवार को बाजार में शांति रहती है, लेकिन अक्षय तृतीया के महामुहूर्त ने व्यापारियों के चेहरे खिला दिए हैं। शहर के मुख्य बाजारों जैसे गांधी रोड, बड़ा बाजार, मेन रोड और सर्राफा बाजार में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई। कपड़ों की दुकानों, इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम और बर्तन बाजार में खासी चहल-पहल रही।



खासकर सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के बावजूद लोगों ने अपनी परंपरा को निभाया।

**विवाह का महामुहूर्त, गूंजेंगी शहनाइयां :** अक्षय तृतीया को शास्त्रों में स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना गया है। ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित गणेश शर्मा के अनुसार इस दिन किसी भी मांगलिक कार्य के लिए पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं होती। इसी का परिणाम है कि जिले में सोमवार को सैकड़ों विवाह संपन्न होंगे। मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं और बैंड-बाजे वाले महीनों पहले से बुक हो चुके थे। पंडित शर्मा ने बताया कि यह तिथि सौभाग्य प्रदान करने वाली है और इस दिन हुए विवाह का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता।

**परशुराम जयंती और गंगा अवतरण :** इस पवित्र तिथि का धार्मिक महत्व भी अतुलनीय है। आज ही के दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य हुआ था। साथ ही इसी दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ और बद्रीनाथ धाम के कपाट भी खुल रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ भी इसी तिथि से हुआ थाए जिसके कारण इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है।

### दान-पुण्य से चमकेगा भाग्य

ज्योतिषाचार्य डॉ. पंडित गणेश शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया पर किए गए दान का फल कभी नष्ट नहीं होता। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की संयुक्त पूजा करनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए जल से भरे घड़े, पंखा, सत्तू, जौ, फल और वस्त्रों का दान विशेष फलदायी माना गया है। अपने पूर्वजों के नाम से दान और ब्राह्मण भोजन कराने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### व्यापारियों में उत्साह

शहर के व्यापारियों का कहना है कि लंबे समय से बाजार में रौनक नहीं थी, लेकिन अक्षय तृतीय के चलते अच्छी खासी ग्राहकी हुई है। व्यापारियों ने बताया कि आगामी विवाह मुहूर्त के चलते बाजार में अच्छी खरीदारी की उम्मीद है।

## दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर**। सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ति ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।




























**खबर संक्षेप**



### बच्चों को बताया गया जल का महत्व

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधनी के एकलव्य स्कूल में पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में बच्चों को जल की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पानी की बोतलें वितरित की गईं। इस अवसर पर बच्चों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार अभियान के अंतर्गत नगर परिषद की टीम द्वारा वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनका त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही नागरिकों को जल का अपव्यय न करने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

### उपजेल में लगेगा स्वास्थ्य परीक्षण व विधिक साक्षरता शिविर

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर जिला जेल एवं भैरूंदा उप जेल में 25 अप्रैल को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ बंदियो बंदियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

### 7 केंद्रों पर आयोजित होगी राज्य सेवा व राज्य वन सेवा परीक्षा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2026 जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर 26 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:15 बजे से शाम 04:15 बजे तक दो सत्रों आयोजित की जाएगी। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार परीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद संस्थान (केंद्र क्रमांक 42/1), स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल पुलिस लाईन के सामने सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/2), शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/3), शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/4), शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/5), प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/6) और शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर (केंद्र क्रमांक 42/7) पर परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## बाबा साहब अम्बेडकर के जन्मोत्सव सप्ताह पर जनसभा का आयोजन

# बाबा साहब के संघर्षों से महिला और पिछड़ों को मिला अधिकार : पटेल

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित के साथ ही भगवान बुद्ध स्तुति कर की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव सप्ताह पर रविवार को नगर के सब्जी बाजार स्थित आजाद चौक में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, विचारों व महिला और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए किए गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके उनके सिद्धांतों को अपनाने की बात कही।

भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब के 135 वें जन्मोत्सव सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि राजू भारती राष्ट्रीय बहुजन रत्न सम्मानित व दूरदर्शन कलाकार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित के साथ ही भगवान बुद्ध स्तुति कर की गई। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब की अहम भूमिका , महिलाओं और पिछड़ों के उत्थान के लिए किये गए संघर्षों पर प्रकाश डाला। श्री पटेल ने आगे कहा कि हमारा देश कई टुकड़ों में बटा हुआ था विभिन्न राज्य थे, अपने अलग-अलग तरीके से अपना राज्य चला रहे थे। देश में एक जुटता नहीं थी। हम सब गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए थे। देश के आजादी में जो हमारे स्वतंत्रता सेनानी थे।

राजू भारती द्वारा बाबा साहब के जीवन पर रचित गीतों भीम ने बढ़ाया नारी का मान, सदियों की गुलामी को कुचल डाला, सोना था ना चांदी था हम सब तो थे कंगाल तुम ही भीमराव जी आए हो गए मालामाल, सहित हिन्दू कोर्ट बिल की प्रस्तुति दी गई। जिन्हें सुनकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।





## सरगम के साथियों ने सजाई सुरमयी शाम, पुराने गीतों की गूंज से महका माहौल



**सीहोर।** शहर में "सरगम के साथियों" के बैनर तले कलाकारों को मंच प्रदान करने हेतु राजेश काशिव एवं सीमा जोशी द्वारा क्रिसेंट वाटर पार्क के सभागृह में एक भव्य संगीतमय कार्यक्रम "सुरमयी शाम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय एवं समाजसेवी अरुणा राय उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश काशिव एवं प्रसिद्ध गायिका सीमा जोशी द्वारा सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि नगर में एक मंच की आवश्यकता थी जो गायकों को मंच प्रदान करे।जिसे सरगम के साथियों ने पूरा किया। समाजसेवी अरुणा राय ने सभी गायकों को श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के लिए बधाई दी। उन्होंने ने इस संगीतमय शाम में स्वयं भी गाना गाकर सबका मन मोह लिया।

इस संगीतमय संध्या की खासियत रही कि इसमें पुराने सदाबहार गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक सुदेश राय द्वारा प्रथम तीन सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों देने गायक कलाकारों को नगद पुरस्कार प्रदान किए।

गायकों ने एकल और युगल गानों को प्रस्तुत कर सराहना बटोरी।कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया। इस अवसर पर सीहोर, आष्टा एवं भोपाल से आए गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से शाम को यादगार बना दिया।

## गोवंश के लिए सूखी टंकियों में पानी भरेंगे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ता





**सीहोर।** गर्मी बढ़ते ही पानी की कमी महसूस होने लगी है नागरिकों के गले प्यास से सुख रहे हैं ऐसे में गोवंश को भी पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। गोवंश की पीड़ा को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अक्षय तृतीया की शुभ तिथि से शहर के अनेक चौक चौराहों और प्रमुख सड़कों के किनारो गली मोहल्ले में रखी पानी की सूखी टंकियां में गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराने का पुनीत संकल्प लिया है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला पदाधिकारी आशीष कुशवाहा ने बताया कि प्रतिवर्ष बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर की सड़कों पर आवारा घूमने वाले गाय बछड़ों बेल नंदी महाराज सांडो सहित पक्षियों के लिए ठंडा पीने का पानी उपलब्ध कराता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा गौ सेवा के निमित्त शहर के गल्ला मंडी, सब्जी मंडी, नमक चौराहा, बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, कोतवाली चौराहा, भोपाल नाका, इंदौर नाका नरसिंहगढ़ नाका, शक्कर फैक्ट्री चौराहा पावर हाउस चौराहा, नदी चौराहा, कोलीपुरा, गंगा आश्रम सहित अन्य स्थान पर बीते साल पानी की टंकी यहां रखी गई है। इन सभी सुखी पानी की टंकी में टैंकरों के माध्यम से अक्षय तृतीया के बाद प्रतिदिन पानी डाला जएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने समस्त सनातन धर्म के नागरिकों से गोवंश और पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने की अपील की है।

## प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**सीहोर** । सीहोर प्रेक्षा बनवैया ने कक्षा दसवीं सीबीएसई 92 प्रतिशत आईईएस स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है उसके साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है । छात्रा प्रेक्षा बनवैया ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सफलता हासिल की है इस का श्रेय उन्होंने स्कूल प्रबंधन और अपने माता पिता को दिया है उन्ही के आशीर्वाद और मेहनत से सफलता प्राप्त की है । छात्रा प्रेक्षा बनवैया के पिता सतीश बनवैया माता डाक्टर संगीता बनवैया है उन्होंने बताया कि हमारी बेटी हमेशा से पढ़ाई में रुचि रखती है और कड़ी मेहनत करती है ये उसी का परिणाम है कि आज उसने इतने अच्छे परसेंटेज बनाकर हमारा नाम रोशन किया हमारे दिल को बहुत गर्व महसूस हो रहा है में स्कूल प्रबंधन को बधाई और धन्यवाद देता हूँ और अपनी बेटी को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते है ताकि वह आगे चलकर और सफलता प्राप्त कर शहर का नाम रोशन करे और हमे गर्व महसूस कराये । छात्रा प्रेक्षा बनवैया की इस उपलब्धि पर शहर वासियों एवं परिजनों ने उन्हें बधाई दी है । इसके साथ ही शहर के लोकप्रिय विधायक सुदेश राय एवं शहर के कई जनप्रतिनिधियों ने बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।





## 104 छात्राओं को दिया गया कंप्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग व पाइथन प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण

**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंडो जर्मन टूल रूम (IGTR), इंदौर द्वारा 06 अप्रैल से 18 अप्रैल तक छात्राओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की कुल 104 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को कंप्यूटर हार्डवेयर, नेटवर्किंग एवं पाइथन प्रोग्रामिंग का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के कौशल विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर डॉ. स्मिता शर्मा, श्वेता यादव, डॉ. पंकज जैन एवं पूजा जारोलिया उपस्थित थे।



### यजमान ने परिक्रमा मार्ग पर जवारे बोने का कार्य किया

# 26 को किया जाएगा पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी कोलीपुरा के तत्वाधान में आगामी 26 अप्रैल से होने वाले भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। रविवार को मंदिर की ओर से 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत माधवदास महाराज, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय, पंडित पूनम चंद्र व्यास, बजरंग दल प्रमुख जगदीश कुशवाहा, शाही सवारी प्रभारी सन्नी सरदार, रजत मुंदडा, यज्ञ के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार पंकज पजवानी आदि ने विधि-विधान से परिक्रमा मार्ग पर ज्वारे आदि बोए।

संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी दिनों में होने वाले पांच दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत 25 अप्रैल से भव्य शाही सवारी से की जाएगी। भव्य शाही सवारी महाकाल/पुरी की तर्ज पर शहर के छावनी स्थित जगदीश मंदिर से निकाली जाएगी जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोलीपुरा स्थित प्राचीन मंदिर पर पहुंचेगी। यात्रा में देश भर से आए नागा साधु, संत कथा वाचक और निहंग सरदार आदि के साथ ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कलश धारण कर यात्रा में शामिल रहेंगी। उन्होंने बताया कि भगवान नरसिंह शक्ति और सुरक्षा के प्रतीक हैं, जबकि माता लक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी हैं। जब इन दोनों की संयुक्त रूप से उपासना की जाती है, तो भक्त को लक्ष्मी-नृसिंह कृपा प्राप्त होती है, जो जीवन से सभी बाधाओं को मिटाकर ऐश्वर्य प्रदान करती है।






### सीएमएचओ का निलंबन आदेश आज आ सकता है

# सीएमएचओ के अकाउंटेंट बगैर अटेंडेंस के ही मृतका का वेतन निकालते रहे

## गिरफ्तार सीएमएचओ ने लेखापालों की वित्तीय अनियमितताओं की कभी नहीं करवाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकायुक्त पुलिस द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने अपने अधीनस्थ लेखापालों पर भी अपना वरदहस्त बनाए रखा था। दूसरे शब्दों में कहें तो विभाग के लेखापालों (अकाउंटेंटों) द्वारा की जा रही गंभीर वित्तीय अनियमितताओं तक की उन्होंने कभी जांच तक नहीं करवाई।

दूसरे शब्दों में कहें तो अकाउंटेंटों द्वारा की जा रही लापरवाहियों और शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाले कर्मचारी भी डॉ. पटेल के राज में मनमर्जी करते रहे लेकिन उन पर कोई आंच तक नहीं आ पाई। जब विभाग की मुखिया का हाथ ही लेखापालों पर हो तो फिर विभाग में ऑनलाइन, ऑफलाइन टेंडरों, खरीदी, व्यय इत्यादि में कितनी गड़बड़ियां हुई होंगी, इसकी जांच करवाने की मांग आमजनों द्वारा की जा रही है। नरसिंहगढ़ ब्लॉक के एक केंद्र में पदस्थ महिला कर्मचारी की मृत्यु होने के आठ माह बाद तक कार्यालय के अकाउंटेंट बगैर मृतक कर्मचारी के उपस्थिति पत्रक उसकी तनख्वाह उसके खाते में डालते रहे। पूरे मामले की शिकायत भोपाल होने पर विभाग की संयुक्त संचालक भी जांच करने आईं लेकिन पूरा मामला अज्ञात कारणों से अभी तक दबा हुआ है।

## सीएमएचओ ने 50 हजार मांगे, 30 पहले लिए, बाकी 20 लेते रंगेहाथों हुईं गिरफ्तार

### राजगढ़ में भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गईं। उक्त कार्यवाही के बाद सीएमएचओ की तबियत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास ही स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी की उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलॉजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन



सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बढ़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई।

### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला




कर्मचारी कंटिंजेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थापना के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरांत ढाबल ने 3 फरवरी 2025 को नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की इतला दी। नरसिंहगढ़ ने मृत्यु संबंधी सूचना को राजगढ़ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरांत सुनीताबाई का उपस्थिति पत्रक (अटेंडेंस) राजगढ़ को नहीं भेजी गई। इसके बावजूद कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन अकाउंटेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति के उनकी (सुमित्राबाई) तनख्वाह आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में क्रेडिट करवाते रहे। इन आठ महीनों में करीब सवा लाख से अधिक की राशि मृतका सुमित्राबाई के खाते में पहुंची।

### कार्यालय के जिम्मेदारों ने दबा दिया था मामला

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के कार्यालय के जिम्मेदारों और स्वयं लेखापालों ने शासन को हुई वित्तीय हानि के मामले को नस्तीबद्ध करने के पूरे प्रयास किए। लेकिन, गड़बड़ी पकड़ में आई जिसके बाद भोपाल संचालनालय में मय सबूतों के पूरे मामले की शिकायत की गई।

### भोपाल से आज आएगा डॉ. पटेल का निलंबन ऑर्डर

बताया जा रहा है कि लोकायुक्त के हत्थे चढ़ीं डॉ. पटेल का निलंबन आदेश 20 अप्रैल को भोपाल स्तर से जारी होगा। शनिवार एवं रविवार के अवकाश के चलते डॉ. पटेल के सस्पेंशन आदेश जारी नहीं हो सके थे।

### 13 अप्रैल को गोली मारकर की गई थी हत्या

# रामबाबू की हत्या का दूसरा आरोपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक हफ्ते पहले क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर एवं पत्थर से सिर कुचलकर की गई युवक रामबाबू गुर्जर की जघन्य हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। ळक मंजू मखनिया के नेतृत्व में मृतक रामबाबू के दूसरे हत्यारे होकम पिता प्यारजी गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी भगवतीपुरा को भी गिरफ्त में ले लिया गया है। आपको बता दें कि हत्या के इस सनसनीखेज मामले में मुख्य आरोपी मृतक के ताऊजी के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर को पूर्व में ही पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। मखनिया ने बताया कि दूसरे आरोपी होकम गुर्जर की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। होकम को राजस्थान के मनोहरथाना से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों की (पुलिस रिमांड) ली जाकर उनसे हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल बरामद कर ली गई है।

### हत्या के बाद से ही गांव में तैनात थी पुलिस

उल्लेखनीय है कि हत्या के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पिस्टल और पत्थर से सिर कुचलकर की गई हत्या का यह मामला आमजनों की जुबां पर बना हुआ था। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में सब-इंस्पेक्टर सुभाष द्वेदी, राजेंद्र मीणा, रामदीन धाकड़, चंदन, सतीश भिलाला, बाबूलाल लोधी, मोईन अंसारी, नरेंद्र शर्मा, शक्तिसिंह, ललित तोमर, विवेक पाटिल, साहब सिंह, साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनाने की अहम भूमिका रही।

## कलेक्टर ने महर्षि स्कूल के छात्र शिवम गिरी का सम्मान किया

**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं मैथ्स के छात्र शिवम गिरी का जिलाधीश गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। शिवम गिरी महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र जिसने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में जिले कि मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र शिवम गिरी ने बताया कि उसकी पढ़ाई बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर ही अध्ययन किया जिसमें परिवार एवं विधालय शिक्षकों द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक कार्य में प्रेरित किया गया है। सभी विषय शिक्षकों के द्वारा बताए नोट्स बनाए और भरोसा जताकर अध्ययन किया विद्यालय परिवार एवं संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिव दांगी द्वारा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# मधुकुंज अकादमी खुजनेर ने बोर्ड परीक्षा में लगातार बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया



सबा मंसूरी क्लास 10th 95.20%
ज्योति राठौर 12th कॉमर्स 91.40%
मनीष तोमर 12th साइंस 88.80%

मधुकुंज अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुजनेर ने एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया है। कई वर्षों से अकादमी के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके लगातार बाजी मार रहे हैं। अकादमी के डायरेक्टर शैलेंद्र नागर एवं प्रिंसिपल भावना नागर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। शैलेंद्र नागर ने कहा, कई वर्षों से मधुकुंज अकादमी के विद्यार्थी खुजनेर नगर में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। यह निरंतर सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतरीन परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेंगे। हम सभी टॉपर्स के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना करते हैं।

### कक्षा 10वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

सबा मंसूरी पिताः मुबारिक मंसूरी 95.2%
वंदना नागर पिताः गिरिराज नागर 95%
संध्या अहिरवार पिताः रामबाबू अहिरवार 92.4%

### कक्षा 12वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

ज्योति राठौड़ पिताः ईश्वर सिंह राठौड़ 91.4%
मनीष तोमर पिताः संजय सिंह तोमर 88.8%
कल्पना नागर पिताः गुलाब चंद नागर 87.8%

## न्यायाधीशों का विदाई समारोह आयोजित, भावपूर्ण माहौल में दी गई विदाई



**सारंगपुर।** अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा स्थानांतरित हुए न्यायाधीशों के सम्मान में विगत दिवस न्यायालय परिसर में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए न्यायाधीश राहुल सिंह, चित्रेंद सिंह सोलंकी एवं श्रीमती पल्लवी बंसल को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष पी.एस. मंडलोई ने की। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने न्यायाधीशों का पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ते भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावुक एवं सम्मानपूर्ण बना रहा। अपने संबोधन में न्यायाधीशों ने सारंगपुर में बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं का कार्य व्यवहार अत्यंत सराहनीय रहा है।

### दीनदयाल रसोई योजना कागजों तक सीमित

# गरीबों को नहीं पता कहां मिलता 5 रु. में भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल रसोई योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है, लेकिन सारंगपुर में यह योजना अपनी मूल भावना से भटकती नजर आ रही है। पिछले करीब तीन महीनों तक बंद रहने के बाद अब योजना को स्थान परिवर्तन करते हुए सिविल अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शुरू किया गया है, परंतु इसका लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जानकारी के अनुसार योजना पहले नगर पालिका द्वारा अंबेडकर पार्क में संचालित की जा रही थी जहां अनियमितताओं के चलते जांच के बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया और संचालन बंद हो गया। इसके बाद नए सिरे से टेंडर जारी किए गए, लेकिन लंबे समय तक योजना फिर भी शुरू नहीं हो सकी। अब जब इसे दोबारा प्रारंभ किया गया है, तो यह केवल कागजों में संचालित होती प्रतीत हो रही है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि योजना के स्थान और संचालन की जानकारी आम गरीब और मजदूर वर्ग तक पहुंच ही नहीं पाई है। जिस सिविल अस्पताल में इसे शुरू किया गया है, वहां पहले से ही भर्ती मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। ऐसे में उसी स्थान पर इस योजना का संचालन कई सवाल खड़े करता है। इसके अलावा अस्पताल में प्रवेश के लिए 20 की पर्ची कटती है, जिससे मजदूर और गरीब वर्ग के लोगों के लिए 5 के भोजन तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। योजना का कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है, न ही कहीं बैनर या पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे जरूरतमंदों को इसकी जानकारी मिल सके।लोगों का कहना है कि यदि योजना का सही तरीके से प्रचार-प्रसार और सुगम स्थान पर संचालन नहीं किया गया, तो इसका लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। प्रशासन इस ओर ध्यान देकर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी बना पाता है या नहीं।

### बाल-विवाह कुप्रथा के प्रति जागरुक हुआ दांगी समाज

# दांगी समाज के सम्मेलन में 25 नाबालिग जोड़ों का पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 1 मई को खिलचीपुर क्षेत्र के छापीहेड़ा में होने जा रहे दांगी समाज के तहसील स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समिति ने अहम निर्णय लिया था। इसके तहत सर्वसम्मति से तय किया गया कि सम्मेलन में किसी भी नाबालिग लड़के या लड़की का विवाह नहीं करवाया जाएगा। समिति ने अपने द्वारा लिए गए इस फैसले का कड़ाई से पालन करते हुए करीब 25 से अधिक ऐसे जोड़ों का पंजीयन निरस्त कर दिया है जिनमें वर या वधू दस्तावेजों में नाबालिग पाए गए थे। इसके चलते संबंधित परिवारों के अन्य वयस्क जोड़े भी सम्मेलन से बाहर हो गए क्योंकि या तो वर नाबालिग था या फिर वधू नाबालिग निकली।



अब आयोजन में शामिल होने वाले जोड़ों की संख्या घटकर महज 20-21 रह गई है। समाज के इस कदम से स्पष्ट संदेश गया है कि दांगी समाज अब बाल-विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेगा।

### सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक कदम

सम्मेलन समिति के मुख्य व्यवस्थापक एवं दांगी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बालचंद दांगी ने बताया कि दांगी बाल विवाह रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और आगे भी इस दिशा में सख्त निर्णय लिए जाते रहेंगे। यह निर्णय न केवल एक आयोजन तक सीमित है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान पाया। कक्षा दसवीं का 93 % तथा कक्षा 12वीं का 90% परीक्षा परिणाम रहा। विधालय के कक्षा 12 साइंस में 15 में से 8 छात्र-छात्राएं लैपटॉप प्राप्त करेंगे। इसी के साथ कक्षा 10वीं में भव्य मंडलोई 93 प्रतिशत, माही बैरागी 92.4, बलराम सिसोदिया 91.8, सूरज चौहान 89.2, आरुषि चौहान 87.4, पंकज दांगी 86.8, किरण कुंवर 82.4, रविराज पंवार 81.6प्रतिशत अंक प्राप्त किए।







कक्षा 12 साइंस में तन्मय मंडलोई 90, साधना कुशवाह 89, आरुषि मंडलोई 87.4, निशा सोलंकी 84.4, सिमरन 84.4, प्रियांशी गुप्ता 80 अंक अर्जित किये। विधार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय संचालक विष्णु मंडलोई ने कहा कि आपकी मेहनत, लगन और सतत अभ्यास ने सुंदर रूप एवं शैक्षणिक कार्य को जिम्मेदार से करके अच्छी सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य स्वामी आचार्य, खेल शिक्षक राम कैलाश दांगी, वरिष्ठ शिक्षक महेश वर्मा शिक्षक समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की।

# ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जहां शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक अपने बच्चों को शहर एवं निजी महंगें स्कुलों की ओर बढ़ रहे वहीं देखा जाए तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल में पढ़कर विधार्थी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पा रहे हैं। समीपवर्ती ग्राम गागोरनी पी एम श्री स्कूल की नियमित छात्रा कनिका गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त छात्रा ने शासकीय स्कूल में बिना किसी कोचिंग के यह सफलता अर्जित की है।

छात्रा ने बताया कि स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 ( वर्ष 2026) परीक्षा में कनिका ने तैयारी हेतु प्रदेश में छटा स्थान हेतु प्रदेश में 11 वा स्थान प्राप्त किया है । साथ ही कनिका ने इस वर्ष आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में जिले में प्रथम और संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

### सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे चालू रहें

# 15 करोड़ की डकैती के बाद राजगढ़ में सभी बैंकर्स की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 17 अप्रैल शुक्रवार दोपहर प्रदेश के सिंगरौली स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश नकदी एवं सोना सहित करीब 15 करोड़ का माल ले उड़े थे। इसे उक्त घटना से जोड़कर देखा जाए या संयोग कि वारदात के अगले दिवस प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शनिवार को सभी बैंकर्स की बैठक आयोजित कर शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले की सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे सतत रूप से चालू अवस्था में रहें तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

सभी बैंकर्स को तल्ख रूप से कहा गया कि सभी स्थानों पर अलार्म सिस्टम सक्रिय एवं कार्यशील स्थिति में होना अनिवार्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी की उपस्थिति में हुई बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाओं में सुरक्षा गार्ड की अनिवार्य रूप से नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। बैंकों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों एवं वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी जोखिम को रोका जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी बैंक प्रबंधक अपने सीयूजी नंबर पुलिस कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं तथा प्रत्येक शाखा में संबंधित थाना प्रभारी एवं एसडीएम के संपर्क नंबर प्रदर्शित रखें, जिससे आपात स्थिति में त्वरित समन्वय स्थापित किया जा सके।

### सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक तोलानी ने कहा कि बैंकिंग संस्थान आमजन की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र हैं, अतः उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी बैंक अधिकारी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर सहित जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# कन्यादान फाउंडेशन का 108वां कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप ग्राम पड़ाना में कन्यादान फाउंडेशन का 108वां कार्यक्रम उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ आयोजित किया गया। यह मध्य प्रदेश में फाउंडेशन का पहला आयोजन रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्थापक ऋषि सरदाना ने बताया कि 15 अगस्त 2019 को मां की प्रेरणा से शुरू हुई यह पहल आज एक बड़े मिशन का रूप ले चुकी है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग और उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना है।कार्यक्रम के दौरान जीवन विजय पुरिया की पुत्री के विवाह हेतु 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संस्था की विशेषता यह है कि महिलाओं द्वारा तैयार किए गए सैनिटरी पैड की बिक्री से होने वाली आय का एक हिस्सा कन्यादान के लिए समर्पित किया जाता है। दीपा श्रीवास्तव, मेघा विश्वकर्मा और काजल सक्सेना ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं घर से ही इस अभियान को मजबूती दे रही हैं। कार्यक्रम में देवयानी सक्सेना, सुषमा परमार सहित कई महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नागरिक चाइल्ड व हेल्प लाइन पर दे सकते हैं बाल विवाह की सूचना

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेशभर में व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस अवसर पर बाल विवाह की आशंका को देखते हुए जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर तक सतर्कता बढ़ाई जाए तथा प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

बैंक लूट की घटना के मद्देनज़र पुलिस ने आयोजित की सुरक्षा समीक्षा बैठक

# बैंक सुरक्षा के तहत सुरक्षा गार्डों, सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम पर दिए निर्देश

बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


सिंगरौली के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिन दहाड़े हुई डकैती के बाद मध्यप्रदेश पुलिस हाई अलर्ट पर है। शुक्रवार को पांच बदमाशो ने बैंक से 15 करोड़ का सोना और लगभग 20 लाख रुपए की डकैती की थी। बड़ी डकैती के चलते शुक्रवार रात डीजीपी कैलाश मकवाना भी घटना स्थल पर पहुंचे थे। वही डकैतों पर 50 हजार के इनाम की घोषणा भी की गई है। सिंगरौली में हुई बैंक लूट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार शनिवार को देवास पुलिस द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,नगर पुलिस अधीश्रक सुमित अग्रवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) बबिता बामनिया उपस्थित रहे। उनके द्वारा जिले के बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान बैंक प्रबंधन एवं सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि वे बैंक परिसर में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सभी बैंकों को इमरजेंसी अलार्म सिस्टम, फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित चेकिंग करने एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सूचना संकलन में लगे कर्मचारियों एवं बैंक परिसर में डायल-112 नंबर का फ्लेक्स/बैनर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बैंक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# अक्षय तृतीया पर अखंड ब्राह्मण समाज का निकला विशाल चल समारोह

सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए विधायक



**आष्टा ।** अखंड ब्राह्मण समाज ने आज अक्षय तृतीया दिवस पर भगवान परशुराम जी की जयंती उत्साह,उमंग,श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई एवं मानस भवन में समाज द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का भी आयोजन किया जिसमें 6 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे । विधायक गोपलसिंह इंजीनियर वर वधु को शुभ आशीष देने आयोजित कार्यक्रम में पहुचे एवं वर वधु को शुभ आशीष दिया । विधायक गोपलसिंह इंजीनियर ने सभी वधुओं को कन्यादान में अपनी ओर से दान सामग्री भेंट कर अखंड ब्राह्मण समाज को कार्यक्रम निमित्त 11 हजार की सहयोग राशि देने की भी घोषणा की । इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, रवि शर्मा, सुनील शर्मा, उमेश शर्मा, नीलेश शर्मा , दिनेश शर्मा, सर्वेश उपाध्याय नवीन शर्मा, संजीव दीक्षित, कृष्णा शर्मा, बसंत पाठक,सहित सभी विप्र बंधुओ ने विधायक गोपलसिंह इंजीनियर का अभिनन्दन पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया । कार्यक्रम में साथ पहुचे सुशील संचेती, विशाल चौरसिया,मोहित सोनी,सौरभ जैन का भी समाज की ओर से सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किये । इसके पूर्व प्रातः भगवान परशुराम जी की आरती व अन्य कार्यक्रमो के बाद नगर में विशाल चल समारोह निकला जिसका नगर भाजपा अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया जे नेतृत्व में जुलूस का स्वागत सम्मान किया गया । स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह तथा धार्मिक एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए । विधायक गोपलसिंह इंजीनियर ने आज के समय मे ऐसे आयोजनो की प्रशंसा की ।

# नगर का कोई भी धार्मिक स्थल सौंदर्यीकरण होने से अछूता नहीं रहेगा : राय सिंह मेवाड़ा



**आष्टा।** नगर के विकास कार्यो में आज एक ओर अध्याय शामिल हुआ। जब आचार्य विद्यासागर संयम कीर्ति स्तम्भ का भूमि पूजन शिलान्यास किया गया। नगर के वरिष्ठ समाज सेवी धर्मनिष्ठ बड़जात्या परिवार के मनोज कुमार, मनीष कुमार, मुकेश कुमार बड़जात्या परिवार द्वारा निर्माण होने जा रहे आचार्य विद्यासागर संयम कीर्ति स्तम्भ समारोह पार्वती नदी तट पांडुकशिला स्थल पर सुबह 8:30 बजे से पूज्य मुनि संस्कार सागर महाराज ससंघ व श्रीपाल भैया के सानिध्य में समस्त शिलान्यास विधि क्रिया सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम विद्यासागर पाठशाला के बच्चों ने मंगल नृत्य कर मंगलाचरण किया आध्यात्मिक जैन भजन गायक शरद जैन ने संगीत के साथ आचार्य श्री की पूजन सम्पन्न करवाई।

पूज्य मुनि श्री ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व का महत्व बताया भगवान ऋषभदेव ओर राजा श्रेयांस से दान पर्व की शुरूआत हुई है। इस अवसर पर नगर के जन प्रतिनिधिगण भी शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे आचार्य श्री जी के दर्शन पूजन करने का कई बार सौभाग्य प्राप्त हुआ है। नगर पालिका परिषद के समस्त पार्षदगणों के सहयोग से नगर प्रवेश का मुख्य मार्ग अस्पताल चौराहा से बुधवारा मार्ग को हमने आचार्य विद्यासागर मार्ग नाम दिया है ओर जब भी इस वर्ष चातुर्मास हेतु मुनि संघ का मंगल नगर प्रवेश होगा। हम उन्ही के कर कमलों से उस मार्ग का लोकार्पण करेंगे। मुनि जनो के आशीर्वाद ओर प्रेरणा से विगत कई दिनों से हम कीर्ति स्थम्भ निर्माण हेतु नगर में उचित जगह की तलाश कर रहे थे ताकि आचार्य श्री की गौरव गाथा का यह कीर्ति स्थम्भ युगों युगों तक उनकी गौरव गाथा गाता रहे और धर्म का प्रचार होता रहे इस लिए हमने रेस्ट हाउस के पास मेंन रोड पर दिगम्बर जैन समाज के आग्रह पर जगह आवंटित की है जिसका आज हम भूमि पूजन शिलान्यास करने जा रहे है। साथ ही नदी के घाट का भी सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर महेंद्र कुमार राकेश सन्तोष जैन जादूगर परिवार की ओर से समस्त जनो को इक्षु रस का वितरण किया गया समाज के अध्यक्ष आनंद जैन महामन्त्री कैलाश जैन चित्रलोक द्वारा समस्त अतिथिगणों का शाल दुपट्टा से बहुमान किया गया। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा अध्यक्ष प्रतिनधि राय सिंह मेवाड़ा भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष विशाल चौरसिया नगर महामंत्री मोहित सोनी, गजराज सिंह, पार्षद कमलेश जैन, कोमल जैन, धनरूपमल जैन, पत्रकार सुशील संचेती, ललित नागौरी, लोकेंद्र बनवट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ मीना सिंघी, धर्मेंद्र जैन, अरविंद जैन, अलीपुर पत्रकार नरेंद्र गंगवाल, दिलीप सेठी, रमेश जैन, आदिनाथ मनोज जैन, सुपर मुकेश बड़जातया, संदीप जैन, चायघर धीरज जैन, नीलबड धीरज जैन, लड्डु सहित समाज बन्धु माताएं बहने शामिल हुए मंच संचालन सुरेंद्र जैन शिक्षक द्वारा किया गया। अंत में आभार समाज के महामंत्री कैलाश जैन चित्रलोक द्वारा किया गया।

# श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन





**सीहोर।** शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा के समापन के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति ने बताया कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भगवान का अद्भुत श्रंगार, श्री राम कथा समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन जिसमें पूरे शहर के श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की, भंडारे में महंत उद्धवदास महाराज, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, सीताराम यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि शामिल रहे। महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में किए सुंदर भजन, भंडारे से पूर्व हुआ कन्या भोजन और महा आरती का आयोजन किया था।

# पंच कुंडी महायज्ञ व प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ शुरू



**खाचरोद।** ग्राम खाचरोद में स्थित प्रज्ञा कॉलोनी में नव निर्मित श्री राम मंदिर पर पंच कुंडी महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू हुआ। जिसमें नवनिर्मित मंदिर पर श्री राम जानकी लक्ष्मण और शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना होगी। प्रथम दिवस ग्राम में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं द्वारा सर पर कलस रखकर बैंड बाजों के साथ पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई। यज्ञ पंडाल पहुंची जहां पर यज्ञ आचार्य राधेश्याम पाराशर द्वारा पूरे विधि-विधान से ग्राम के 20 जोड़ों को यज्ञशाला में प्रवेश करवाया गया। जहां भगवान श्री राम जानकी लक्ष्मण वा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा निमित्त यज्ञ की शुरुआत हुई। वहीं यज्ञ में कथा का आयोजन भी रखा गया है, जो शाम 8:00 बजे से 11:00 बजे तक रहेगा।




विधायक ने नदी सफाई के लिए सीवन पुत्रों को दी 51 हजार रुपए की मदद

# सीवन हम सबको जीवन देती है, नदी जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी : सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्राकृतिक जल संसाधनों के संरक्षण और रखरखाव के प्रति संवेदनशील सजग विधायक सुदेश राय ने सीवन नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण साफ सफाई में जुटे शहर के सीवन पुत्रों को अपनी ओर से 51हजार की सहयोग राशि उपलब्ध कराई है।

रविवार को विधायक सुदेश राय ने हनुमान फाटक मंदिर कस्बा सीवन नदी घाट पहुंच कर सीवन नदी सफाई अभियान प्रमुख प्रदीप चावडा सहित अन्य सहयोगियों को यह राशि प्रदान की। सीवन नदी सफाई अभियान से जुड़े सीवन पुत्रों को विधायक राय ने इस अभियान को निरंतर चलाने के लिए और भी सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय कि इससे पहले भी राय परिवार के द्वारा सीवन नदी उद्धार गहरीकरण सौंदर्य करण सहित अन्य कार्यों के लिए खुले हाथों से लाखों रुपए की मदद उपलब्ध कराई गई है।

### लापरवाही की शिकार हुई नदी

इस मौके पर विधायक सुदेश राय ने सीवन नदी सफाई अभियान से जुड़े सीवन योद्धाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम ने नदी संरक्षण और साफ सफाई स्वच्छता के प्रति नागरिकों में नया जज्बा पैदा कर दिया है। सीवन नदी उद्गम स्थल से लेकर पार्वती नदी संगम तक पवित्र नदी रही है लेकिन स्वयं नागरिकों और शासन प्रशासन की उदासीनता की शिकार भी हुई है। जल्दी ही योजना तैयार कर सीवन नदी में मिलने वाले सीवेज सिस्टम को पूरी तरह से बंद कराया जाएगा और सीवन नदी के सभी महत्वपूर्ण तटों धार्मिक स्थलों का सौंदर्यकरण कराया जाएगा जिसके लिए करोड़ों रुपए की योजना पहले से स्वीकृत है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि शहर की प्राण दाहिनी सीवन नदी को अतिक्रमण मुक्त भी कराएंगे। बैगन घाट, हाथी घाट, बजरंग अखाड़ा घाट, मुख्य सीवन घाट, महिला घाट, रामघाट, हनुमान फाटक घाट को विकसित करेंगे और श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि सीवन नदी का ध्यान शहर के नगरिकों को भी रखना है। भूमिगत जलस्त्रोत हैंडपंप, ट्रयूबेवल कुआं बावड़ी के माध्यम से हमें सीवन नदी प्रतिदिन पीने का पानी उपलब्ध करती है।



### स्थाई जलकुंभी नष्टीकरण कार्य

विधायक सुदेश राय ने कहा कि सीवन नदी में होने वाली जलकुंभी के समूल नष्टीकरण के लिए विशेष योजना भी नगर पालिका के माध्यम से तैयार करेंगे जिससे कि जलकुंभी वापस नदी के पानी पर नहीं फैल सके। जलकुंभी हटाने के बाद नदी का पानी बिल्कुल साफ और स्वच्छ दिखाई दे रहा है यह सीवन पुत्रों सफाई योद्धा और प्राकृतिक नदियों से प्रेम करने वाले नागरिकों की मेहनत का ही परिणाम है। सीवन नदी सफाई अभियान प्रमुख प्रदीप चावड़ा ने कहा कि विधायक श्री राय के द्वारा उपलब्ध कराई गई 51 हजार रुपए की राशि से नदी सफाई अभियान से जुड़े सदस्यों को प्रोत्साहन मिला है । इस राशि का उपयोग नदी की तलहटी से जलकुंभी और मलवा कीचड़ गंदगी साफ सफाई में मदद कर रहे मजदूरो के लिए किया जाएगा।चावड़ा ने सभी जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों व्यापारियों से सीवन नदी सफाई अभियान में सहयोग उपलब्ध कराने की अपील की है।